## बाघमारा अंचल कार्यालय का हाल : मंत्री जोबा मांझी, चंपई सोरेन, विधायक व उपाायुक्त से शिकायत

# बाघमारा प्रखंड कार्यालय में रिश्वतखोरी, सीओ ने क्लर्क को भेजा कारण बताओ नोटिस

संवाददाता । कतरास

शुभम संदेश इंपैक्ट

बाघमारा प्रखंड कार्यलय में भ्रष्टाचार व अंचलाधिकारी के क्लर्क अजय कुमार द्वारा मोबाइल पर की जा रही घूसखोरी की लेन-देन की बातचीत शुभम संदेश में प्रमुखता से उजागर करने के बाद सोमवार को अंचलाधिकारी रवि भूषण ने क्लर्क अजय कुमार के खिलाफ स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया है. इधर प्रखंड कार्यालय में हो रहे विधवा वृद्धा पेंशन में घुसखोरी की खबर लगातार शुभम संदेश में सबूतों के साथ पर्दाफाश करने पर हेल्पिंग क्रॉप्स फाउंडेशन एनजीओ के उपाध्यक्ष मनोज चावला ने अखबार की कटिंग के साथ राज्य के महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा मंत्री जोबा मांझी ,परिवहन मंत्री चंपई सोरेन धनबाद डीसी सहित बाघमारा विधायक ढुल्लू को ट्वीट कर मामले को संज्ञान में लेकर जांचों उपरांत उचित कार्रवाई करने की मांग की है. उन्होंने अपने शिकायत में लिखा है कि बाघमारा प्रखंड में घूसखोरी चरम पर है. जिससे आम लोगों को सरकारी योजना का लाभ लेने में दिक्कत हो रही है. मालूम हो कि प्रखंड कार्यालय के कतिपय अधिकारियों के मुद्रा मोचन नीति से फरियादी त्रस्त हैं. प्रखंड कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार के मामले को लगातार शुभम संदेश की टीम उजागर कर रही है, पहली कड़ी में आधा दर्जन विधवा वृद्धा पेंशन में लाभुको की लाचारी और दूसरी कड़ी में अंचलाधिकारी के क्लर्क अजय कुमार के द्वारा एक व्यक्ति से पैसे व मोबाइल मांगने की ऑडियो की खबर प्रकाशित की.अब देखने वाली बात होगी कि क्या अंचलाधिकारी क्लर्क के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई भी करते हैं या फिर केवल कारण बताव नोटिस जारी कर आइ वास कर कोरम पूरा करते हैं.



मनोज चावला



### हर हाल में होगी कार्रवाई : सीओ

इधर मामले को लेकर अंचलाधिकारी रवि भूषण ने कहा कि क्लर्क अजय कुमार के द्वारा किए गए गलत कार्यों को लेकर उसे स्पष्टीकरण नोटिस देकर एक दिन के अंदर जवाब मांगा गया है स्पष्टीकरण के बाद न्याय संगत कार्रवाई की जाएगी . भ्रष्टाचार करने वाले लोगों के खिलाफ हर हाल में विभागीय कार्रवाई होगी .

## ब्रीफ खबरें

### सड़क सुरक्षा पर जागरुकता अभियान

**धनबाद।** जिला परिवहन पदाधिकारी तथा वरीय पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) के निर्देश पर सोमवार को सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत बरटांड बस स्टैंड में जागरूकता अभियान चलाया गया. लोगों के बीच पंपलेट बांटकर सड़क सुरक्षा की जानकारी दी गई. सड़क दुर्घटना के समय घायल लोगों की मदद करने की अपील की गई. साथ ही यातयात नियमों का पालन करने की बात कही गई.

### चैयरपर्सन ने लिया अनाथ बच्चों का हाल

**धनबाद।** टुंडी विधानसभा स्थित राजगंज के चुंगी गांव में अनाथ बच्चों एवं ग्रामीणों से सीडब्लूसी चेयरपर्सन उत्तम मुखर्जी ने सोमवार को मुलाकात की तथा हालचाल जाना. बच्चों के पिता ने दो दिन पहले आत्महत्या कर ली है, जबकि बच्चों की मां का छह माह पूर्व कैंसर से निधन हो चुका है. दुर्भाग्य ऐसा कि मोमबत्ती से बक्से में आग लग जाने के कारण बच्चों का आधार एवं अन्य डॉक्यूमेंट्स भी जल गये हैं.

### किशोरी बरामद युवक गया जेल

**धनबाद ।** ट्यूशन पढ़कर जा रही एक किशोरी को बहला-फुसला कर कमरे में बंद करने के मामले में पुलिस ने शनिमंदिर इलाके से निखिल नामक युवक को पकड़कर जेल भेजा है. मामले को लेकर किशोरी के पिता ने धनबाद थाने में शिकायत की है. निखिल अपनी नानी के घर रहता है. किशोरी के पिता ने बताया कि लड़की को बहला-फुसला कर युवक अपने कमरे में ले गया था और फिर कमरे में बंद कर दिया. खोजबीन के क्रम में खुद पिता उसके घर पहुंचे और मामले की खबर पुलिस को दी. पुलिस ने आकर निखिल को पकड़ा और फिर जेल भेज दिया.

### फास्ट फॉरवर्ड इंडिया ने मनाया वार्षिकोत्सव

**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम के विद्यार्थियों द्वारा संचालित एनजीओ फ़ास्ट फॉरवर्ड इंडिया का आठवां वार्षिकोत्सव मनाया गया. कार्यक्रम का नाम उम्मीद 2024 रखा गया था, जिसका आयोजन आईआईटी के पेनमैन हॉल में किया गया. इस अवसर पर बच्चों के बीच सात अलग अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. जिसमे 52 अलग अलग विद्यालयों और एनजीओ के 1396 बच्चों ने भाग लिया. ध्वनि, नृत्यंगन, चित्रहार, शय और मात, मास्टरमाइंड, रिसोल्वेद, आईनस्टीन्स प्लेग्राउंड प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया. इसमें सीएमआरआई डीनोबिली के बच्चों को विजेता घोषित किया गया. अन्य स्कूल के बच्चों को भी अलग अलग पुरुस्कार प्रदान किया गया.

## हर्ष और उल्लास के साथ मना रामोत्सव, खूब लगे जय श्रीराम के नारे

# श्रीराम की भक्ति में डूबा कोयलांचल



संवाददाता । धनबाद

अयोध्या में सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का जश्न धनबाद कोयलांचल में उल्लास के साथ मनाया गया. शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक के लोग भगवान राम की भक्ति में लीन रहे. मंदिरों में पूजा-पाठ व विशेष अनुष्ठान हुए, जिसमें लोगों ने उत्सास के साथ भाग लिया. सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा. जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान, भंडारा का आयोजन हुआ. भगवान राम के आगमन की खुशी में श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकाली. आयोजन में किसी तरह का खलल नहीं पड़े इसके लिए डीसी वरुण रंजन और एसएसपी एचपी जनार्दन ने पूरे क्षेत्र में घूमकर विधि-व्यवस्था का जायजा लिया. पुलिस अधिकारियों से भी वस्तु स्थिति की जानकारी ली.

**सुरक्षा का जायजा लिया :** डीसी ने बताया कि जिले में विधि व्यवस्था के आकलन के लिए अलग-अलग थाना क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लिया गया. छिटपुट घटनाओं को छोड़ हर जगह शंति कायम है. उन्होंने लोगों से सौहार्द बनाए रखने की अपील की. कहीं गड़बड़ी का अंदेशा होने पर इसकी सूचना तुरंत जिला कंट्रोल रूम को देने की बात कही. वहीं, एसएसपी ने बताया कि धार्मिक अनुष्ठान शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए सभी संभव उपाय किए गए हैं. चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती की गई. निरीक्षण के दौरान विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, डीएसपी मुख्यालय-1 अमर पांडेय सहित संबंधित प्रखंड के बीडीओ, अंचल के सीओ, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व थानेदार मौजूद रहे.

### खूब लगे जयकारे दीपावली भी मनी

**धनबाद ।** धनबाद के बरटांड़ बस स्टैंड में बस मालिक और चालकों के द्वारा दीप प्रज्वलित के साथ साथ भव्य अतिशबाजी की गई और जय श्री राम के जयकारे लगाए गए . शास्त्री नगर से भव्य राम ध्वजा यात्रा निकाली गई जो बैंक मोड़ , पुराना बाजार ,शक्ति मंदीर और धनसार होते हुए पुन: शास्त्री नगर पहुंची और भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया . संध्या में दीपप्रज्वलित का कार्यक्रम किया गया .मानस मंदिर में धनबाद विधायक राज सिन्हा अपने परिवार के साथ भजन कीर्तन किया और रामलला के प्रतिष्ठा की लाइव प्रसारण की . साथ ही 151 किलो का लड्डू का प्रसाद चढ़ाया गया .इस दौरान धनबाद सांसद पीएन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे .धनबाद के भिश्ती पाडा काली मंदिर में 24 घण्टे का अखंड रामायण कथा .प्रसाद वितरण और 1001 दीपक जलाए गए और अतिशबाजी की गई .बैंक मोड़ स्थित शांति भवन राधा कृष्ण मंदिर में राम चरित मानस अखंड पाठ , प्रसाद वितरण और संध्या आरती के बाद 1100 दीपक से मंदिर को सजाया गया .



### राममय हुआ कतरास निकाली गई शोभायात्रा

**कतरास/महुदा ।** राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सोमवार को पुरा कोयलांचल राममय हो गया . सुबह से ही राम की भक्ति में कतरास महुदा तेतुलामारी सोनारडीह मधुबन बाघमारा बरोरा सहित अन्य क्षेत्र डूबा रहा . पूरे इलाके के घर दुकान व सड़कों के किनारे किनारे भगवा ध्वज से पाट दिया गया था .कतरास बाजार के संकट मोचन,काली मंदिर,टांडा मिश्रा टोला,श्यामडीह ,केशलपुर रामकनाली कोलियरी सहित अन्य इलाके सभी मंदिरों में वेदिक मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना की गई . ज्यादातर मंदिर प्रांगण में खिचड़ी खीर पुड़ी बुंदिया का भंडारा किया गया . साथ ही विभिन्न इलाकों में शोभा यात्रा निकाली गई . राम हनुमान सहित अन्य देवी देवताओं की झांकियां देखते ही बन रही थी .इधर महुदा के ब्रहमबाबा मंदिर से जिप अध्यक्ष शारदा सिंह के अगवाई में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई .

## सिंदरी में महाआरती का आयोजन किया

**सिंदरी ।** अयोध्या में प्रभु श्री राम के विग्रह रुप के प्राण प्रतिष्ठा के बाद सिंदरी के विभिन्न मंदिरों में सुंदरकांड पाठ, महाआरती सहित प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया. कई स्थानों पर भक्तगणों ने भंडारा चलाया. एसकेफोर बजरंगबली मंदिर कमेटी के द्वारा शोभायात्रा निकालकर खूब जयकारे लगाए गए. विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने नेहरू मैदान, शिव मंदिर तथा जय माता दी मंदिर में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया.

**वाराणसी की गंगा आरती :** सिंदरी में पहली बार विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के जिला मंत्री सोनू गिरी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में वाराणसी से आए आचार्य आशीष शास्त्री के नेतृत्व में आदर्श पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, अक्षय भारद्वाज, किशन पाण्डेय और अरमान पाण्डेय ने गंगा आरती की तर्ज पर नेहरू मैदान में प्रभु श्री राम की महाआरती का आयोजन किया. कार्यक्रम के पहले दो घंटे तक सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा सहित आरती की गई. डीजे लाइट के द्वारा भगवा रंग की लाइट से सिंदरी राममय हो गया.



**लक्की सिंह ने सजाया सिंदरी का प्रवेश द्वार :** सिंदरी को राममय करने की शुरुआत उसके प्रवेश द्वार एफसीआई मयूर गेट का रंग रोगन और अटल चौक को फूलों से सजाने का काम भाजपा नेता लक्की सिंह ने किया. उन्होंने निजी खर्च पर अटल चौक स्थित हनुमान मंदिर और बाल्मिकी मंदिर का रंगरोगन कर भगवान श्री राम को नमन किया. उन्होंने कहा कि देश राममय हो चला है और हमसभी उसके साक्षी हैं.

**शहरपुरा शिव मंदिर भी रहा भगवामय :** सिंदरी की प्राचीन शिव मंदिर भी सोमवार को भगवा रंग में दिखाई दिया. शिव मंदिर कमेटी सचिव दिनेश सिंह के नेतृत्व में दो दिवसीय अखंड रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ और शिव तालाब में महाआरती की गई.

### स्वागत में दीप से लिखा जय श्री राम

**महुदा ।** पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश कुमार पटवारी के द्वारा महुदा बजार स्थित अपने आवास के सामने सड़क पर रामलला का स्वागत जलते दीप से जय श्री राम लिखकर किया किया. इस मौके पर रीता पटवारी, नमन कुमार पटवारी, संजय कुमार दास, गोलु अग्रवाल ने भी दीप जलाकर नमन किया.

### मैथन-चिरकुंडा भी पूरी तरह राममय

**मैथन।** प्रभु श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मैथन-चिरकुंडा क्षेत्र राममय रहा. क्षेत्र के सभी मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया और अधिकांश मंदिरों में सोमवार को सुंदरपाठ, हनुमान चालीसा, हवन, महाआरती आदि का अनुष्ठान संपन्न हुआ. प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को मैथन में शाम चार बजे से गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई. इस दौरान जय श्री राम के नारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया. शोभायात्रा संजय चौक मैथन से प्रारंभ हुई, जो मेनगेट, आजाद नगर मोड़, पोस्ट ऑफिस चौक, कालीपहाड़ी होते हुए एरिया चार स्थित श्रीराम मंदिर पहुंची. जहां संध्या आरती के बाद छप्पन भोग का महाप्रसाद वितरण किया गया. इसके पूर्व श्रीराम मंदिर में दिनभर हवन पूजन के साथ प्रभु श्रीराम को छप्पन भोग चढ़ाया गया.

### निरसा में भव्य रंगारंग कार्यक्रम में झूमे लोग

**निरसा।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर निरसा यज्ञ मैदान में विराट उत्सव का आयोजन किया गया. सुबह 10 बजे से अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी के बड़े स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया. संध्या 4 बजे से कोलकाता की प्रसिद्ध महिला द्वारा प्रस्तुत ढ़ाक पार्टी नृत्य व साधू सन्यासियों द्वारा शिव तांडव स्त्रोत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया. वही संध्या में राम ज्योति प्रज्जवलित, संध्या 7 बजे से विराट आतिशबाजी एवं प्रसाद वितरण किया गया.

## डीसी-एसएसपी ने चिरकुंडा,मैथन का जायजा लिया

संवाददाता । मैथन

धनबाद के उपायुक्त वरुण रंजन व एसएसवी एचपी जनार्दन ने सोमवार की दोपहर चिरकुंडा व मैथन क्षेत्र का भ्रमण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया. इस दौरान डीसी ने चिरकुंडा के जेकेआरआर प्लस टू स्कूल में मतदाता सूची का प्रकाशन भी किया. इसके बाद दोनों अधिकारी चिरकुंडा थाना पहुंचे और विधि व्यवस्था के बारे में जानकारी ली. पुलिस अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये. दौरे के क्रम में उन्होंने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मैथन व चिरकुंडा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों का जायजा लिया. डीसी और एसएसपी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी तरह की गड़बड़ी होने पर इसकी तुरंत



प्रशासन को सूचना देने की अपील की.

कहा गया कि आज बहुत ही शुभ दिन है. पूरे देश में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया जा रहा है. इसे शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं. मौके पर ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, डीएसपी अमर पांडे, एग्यारकुंड प्रखंड के बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार, बीएलओ सुपरवाइजर योगेश दत्ता और निरसा व चिरकुंडा के थानेदार और इंस्पेक्टर मौजूद रहे.

## मतदान केंद्र में मतदान सूची का प्रकाशन

संवाददाता । महुदा

बाघमारा प्रखंड के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओ के बीच मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया. महुदा क्षेत्र के मतदान केन्द्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचर्रा,प्राथमिक विद्यालय भुरूंगिया , मुचिराईडीह,,तारगा,महथाटांड, राधानगर, पाण्डेडीह, सिंगडा, बागडा, छत्रुटांड, मुरुलीडीह,महुदा बस्ती, काण्ड्रा, तेलमोच्चो , कुंजी, लोहपाट्टी , सिमाटाँड़ ,भाटडीह , बेलाखोन्दा, कुमारडीह, तेतुलिया, पाथरगडिया , नागदा, लुटूटांड, के अलावे सभी बूथों में बीएलओ और बीएलओ सुपरवाईजर द्वारा मतदान प्रकाशन किया गया. प्रकाशन कार्यक्रम में बीएलओ सुपरवाईजर भागीरथ सिंह, बिनोद महतो,



मुमताज अंसारी, नईमुउद्दीन अंसारी, सुरजीत धोषाल, मनोज कुमार रवानी बीएलओ पूनम सिंह,गीता देवी, रूपाली चटर्जी, सुनीता देवी, आशा देवी, मंजु पाठक, उर्मिला देवी, शिवानी बनर्जी, गीता देवी, रजिया खातुन , रिन्कु सिन्हा, कलावती कुमारी, निर्मला कुमारी, पार्वती देवी, चिन्तामनी देवी, कुसुम देवी,बबली रानी, संचईयता गोस्वामी, रूमा देवी आदि उपस्थित थी.

## अग्नि प्रभावित 2000 विस्थापितों को 8 किमी दूर मिला आवास, 1,04,966 लोगों को बसाने का लक्ष्य

# 25 से अधिक विस्थापित 50-50 हजार में आवास बेचकर लौटे झरिया

संवाददाता । धनबाद

वर्षों से झरिया के अग्नि प्रभावित क्षेत्रों में रहनेवाले 2000 विस्थापितों को बीसीसीएल और सरकार की ओर से बेलगड़िया में बसाया गया, लेकिन रोजगार नहीं मिलने से 25 से अधिक विस्थापितों ने 50-50 हजार में आवास बेचकर वापस झरिया चले गए. सूत्रों के अनुसार अग्नि प्रभावित क्षेत्र के 2000 विस्थापितों को 8 किमी दूर बेलगड़ियां में आवास मिला है. अभी झरिया पुनर्वास विकास प्राधिकार की ओर से झरिया मास्टर प्लान के तहत 1,04,966 लोगों को बसाने का लक्ष्य है. जिसमें 6550 करोड़ रुपये खर्च होंगे. जानकारी के अनुसार



झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार योजना के तहत भू-धंसान अग्नि प्रभावित क्षेत्रों से विस्थापितों को बसाने के लिए शहर से लगभग 8 किमी दूर बेलगड़िया टाउनशिप का निर्माण किया गया. परंतु रोजगार, बिजली, पानी व स्वास्थ्य आदि के सही साधन नहीं होने से परिवार के साथ लोग रहना पसंद नहीं कर रहे हैं. आवासों में रहनेवालों का कहना है कि झरिया में रहते थे तो वहां रोजगार कर महीने में 20 से 30 हजार रुपये परिवार के लोग कमा लेते थे. यहां रहने से 5 हजार रुपये भी नहीं कमा पा रहे हैं.

### रोजगार नहीं मिलने से शिफ्ट नहीं हो रहे लोग

लोगों का कहना है कि सैकड़ों लोग आवास बनने के बाद भी शिफ्ट नहीं होना चाह रहे हैं. तीन से चार मंजिला सैकड़ों आवास खाली पड़े हैं. रात में सड़कों व गलियों में रोशनी की कोई व्यवस्था नहीं है. लिहाजा रोजाना चोर बारी-बारी से खाली पड़े आवासों से ग्रिल गेट, दरवाजा, खिड़की, नल, वायरिंग के तार, पाइप व बोर्ड उखाड़ ले गए. सैकड़ों घरों से चोर खिड़की-दरवाजा आद संपत्ति ले गए. सुधि लेने न अधिकारी आए और न ही थाना की पुलिस आई. खाली पड़े आवासों में शिफ्ट नहीं होने से लाखों की संपत्ति चोर ले गए.

### किराए पर आवास लेकर रहते हैं कई लोग

बेलगड़ियां में रहनेवाले एक-दो युवकों ने कहा कि कई लोग ऐसे हैं, जिन्होंने सरकारी योजना के तहत आवास तो ले लिया है लेकिन रहते नहीं हैं. रोजगार का साधन नहीं रहने के कारण झरिया में रहते हैं. अपने आवास को किराया पर लगा दिया है. कोई एक तो कोई दो हजार रुपये किराया वसूल रहा है. जिस घर में एक कमरा, शौचालय व रसोई घर है, उसका किराया एक हजार है, जबकि जिस दो कमरा, शौचालय व रसोई घर वाले आवास का किराया दो हजार है.

### चुनाव को लेकर मतदाता सूची का प्रकाशन किया

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर धनबाद जिला प्रशासन ने सोमवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया. डीसी वरुण रंजन ने मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आई एम रेडी टू वोट अभियान का भी शुभारंभ किया. उन्होंने मतदाता सूची के साथ सेल्फी ली और इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट किया. साथ ही जिलेवासियों से अभियान में हिस्सा लेकर मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर मतदाता सूची व मतदाता पहचान पत्र के साथ सेल्फी लेकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट में पोस्ट करने की अपील की. कहा गया कि लोग अपने मतदान केंद्र या सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय परिसर में टंगी मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं.

## मॉल में बिक रहे एक्सपायरी सामान

संवाददाता । धनबाद

- एक्सपायर होने के 15 दिनों बाद शंकर मॉल ने बेचा सामान

मॉल से बेफिक्र होकर करते हैं खरीदारी तो हो जाये सावधान. मॉल में भी बिकते हैं एक्सपायरी सामान. छोटे छोटे दुकानों को छोड़ लोग छोटे बड़े मॉल में जाकर खरीदारी करने लगे हैं. मॉल में जाने की मुख्य वजह है भी बताई जाती है कि एक ही छत के नीचे जरूरत का सारा सामान मिल जाता है. आम तौर पर लोग मॉल में बड़ी बेफिक्री से खरीदारी करते हैं. आम लोगों को लगता हैं कि इतने बड़े मॉल में किसी तरह की गलती नहीं कि जाएगी. इसी बेफिक्री में ग्राहक एक्सपायर सामान ख़िरीद कर घर ले आते है. हीरापुर स्थित शंकर मॉल में से सामान की हुई खरीदारी में एक्सपायरी सामान मिलने की सूचना मिली है. आदित्य नामक युवक ने रविवार को कई सामानों के साथ हींग का एक डब्बा भी खरीदा. जिसकी कीमत 130 रुपये है. आदित्य ने सामान खरीदा, पैसे दिए और हींग के डब्बे के साथ ऑनलाइन बिल लेकर घर चला गया । घर ले जाने के बाद देखा कि वह हींग 6 जनवरी को ही एक्सपायर हो चुका था. एक्सपायर होने के 15 दिनों बाद भी उसे मॉल द्वारा बेचा गया है. वहीं मॉल के प्रबंधक को शिकायत मिलने पर उसने एक्सपायर हींग को बदल कर दूसरा हींग का डब्बा दे दिया. शंकर मॉल के मैनेजर ने कहा कि नए स्टाफ से भूलवश गलती हुई हैं.ग्राहक को समान लौटाकर दे दिया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### विधायक ने किया शेड का शिलान्यास

**बेरमो ।** गोमिया पंचायत के ठाकुर बाड़ी परिसर में सोमवार को गोमिया विधायक डा लंबोदर महतो ने विधायक मद से बनने वाले शेड का शिलान्यास किया. इस अवसर पर विधायक डॉ महतो ने कहा कि ठाकुर बाड़ी परिसर में शेड निर्माण कार्य शुरू किया गया है और इससे मन को संतुष्टि मिलती है. कहा कि आज पूरा देश राम मय हो गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की राह पर अग्रसर है. कहा कि भारत अब विश्व गुरु बनने जा रहा है और प्रत्येक देशवासी को इससे गर्व महसूस होना चाहिए. मौके पर मुखिया बलराम रजक,दुलाल प्रसाद, रामदेव प्रसाद, विगन नायक, रविंद्र प्रसाद,जुगल प्रसाद, मुकेश प्रसाद, दीपक कुमार आदि उपस्थित थे.

### कराटे में हजारीबाग बना चैंपियनशिप

**बेरमो ।** दो दिवसीय 11वीं इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप बोकारो थर्मल स्थित कार्मेल स्कूल में संपन्न हुआ जिसमें बॉन सिक्योर स्कूल हजारीबाग प्रथम स्थान प्राप्त किया. दूसरे स्थान में कार्मेल हाई स्कूल बोकारो थर्मल और तीसरे स्थान पर कार्मेल स्कूल बोकारो थर्मल रहा. चौथे स्थान पर माउंट कार्मेल स्कूल हज़ारीबाग, पांचवें में सेक्रेड हार्ट स्कूल हज़ारीबाग, छठे स्थान पर सेंट लुइस स्कूल बालीडीह एवं सातवें स्थान पर सेंट अन्थोनी हाई स्कूल बोकारो रहा. सभी विजयी टीम को कार्मेल स्कूल की हाई स्कूल की प्राचार्या सिस्टर जोइस कुलु ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि झारखंड शोरिन-रयु मत्सुबयाशी कराटे-डो फेडरेशन 11 वीं कार्मेल कप इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन बोकारो थर्मल में किया गया यह खुशी की बात है.

### बरहेट में निकाली भव्य शोभायात्रा

**साहिबगंज ।** बरहेट प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग जगहों में सोमवार को राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर शोभायात्रा निकाली गई. वहीं, इसके पूर्व राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर, राम मंदिर कुसमा, गायत्री परिवार की और से विधि-विधान से पूजा।अर्चना की गई. बरहेट बाजार के राम जानकी ठाकुर बारी मंदिर, राम मंदिर कुसमा, गायत्री परिवार बरहेट, पंचकठिया बाजार, रक्सी, रंगा, झबरी, बाबूपुर, गोपलाडीह के अलावा क्षेत्र के अन्य जगह में बड़ी धूम धाम से शोभा यात्रा निकाली गई. शोभा यात्रा में शोभा के लिए गाजे बाजे के साथ भक्ति संगीत में मगन होकर पूरा बाजार भ्रमण किया गया. इस दौरान बाजार के बरहेट बोरियों मुख्य मार्ग, बरहरवा बरहेट मुख्य मार्ग, होकर जय श्री राम के नारे से जयघोष हुआ. वहीं शोभा यात्रा में महिला, पुरुष, युवा बढ़-चढ़कर जुलूस में शामिल हुए.

### अयोध्या कार्यक्रम को एलईडी पर लाइव देखा

**साहेबगंज ।** राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने आरएसएस विभाग प्रचारक अजय कुमार के साथ सोमवार को अयोध्या में भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर साहेबगंज सदर प्रखंड के शोभनपुर भट्टा स्थित हनुमान मंदिर में पहुंचकर दर्शन व पूजा-अर्चना की. साथ ही मंदिर से ही उन्होंने पार्टी ग्रामवासियों के साथ अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कार्यक्रम का एलईडी पर लाइव देखा. इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रही.

---

#### बोकारो के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों का डीसी, एसपी ने लिया जायजा

# प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी ईमानदारी से ड्यूटी करें : डीसी

**संवाददाता । बोकारो**

बोकारो के उपायुक्त कुलदीप चौधरी व पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक ने सोमवार को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए बोकारो शहर व जिले के ग्रामीण इलाकों में विधि-व्यवस्था का जायजा लिया. विभिन्न मंदिरों में आयोजित कार्यक्रमों, झांकी, जुलूस का भी मुआयना किया. इस दौरान पदाधिकारियों ने चास व बेरमो अनुमंडल क्षेत्र का दौरा किया. उनके साथ उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी, अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, चास अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी



शैलेश कुमार, मुख्यालय डीएसपी पुनम मिंज, सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार, चास एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार आदि मौजूद रहे. पदाधिकारियों की टीम ने दुंदीबाग, पुलिस लाइन, रीतुडीह, सिवनडीह, सिजुआ, बालीडीह, करहरीया, जैनामोड़, तुपकाडीह, चास, जोधाडीह मोड़ एवं चंदनकियारी आदि क्षेत्रों प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस अधिकारियों से को ईमानदारी से ड्यूटी का निर्वाहन करने को कहा.

### डीसी-एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**बोकारो ।** बोकारो के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बाद सोमवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया. सुबह दस बजे से ही सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ नई मतदाता सूची के साथ उपस्थित थे. डीसी कुलदीप चौधरी व एसपी प्रियदर्शी आलोक ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बीएलओ से जानकारी प्राप्त की .साथ ही मतदाता सूची के साथ सेल्फी लेकर अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर पोस्ट किया.

# 150 पहाड़िया जनजाति लोगों के बीच किया कंबल वितरण

- शंकर प्रसाद ने अपने हाथों से गरीबों को दिया कंबल

**संवाददाता । साहिबगंज**

सोमवार को उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार सोमवार को समाहरणालय परिसर में उपायुक्त रामनिवास यादव,डीडीसी प्रभात कुमार बरीदार,कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद, सहायक निदेशक सामाजिक पेंशन सुरक्षा पदाधिकारी शंकर प्रसाद ने अपने हाथों से आद्रो पहाड़िया गांव प्रखंड बोरियो और तालझारी प्रखंड क्षेत्र के 150 पहाड़िया जनजाति महिला पुरुष लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया. ओर सभी पहाड़िया जनों को भोजन भी करवाया गया.

वहीं उपायुक्त रामनिवास यादव एवं डीडीसी प्रभात कुमार बरीदार ने सभी पहाड़िया जनों से पूछा की आप लोगों को समय पर खाद्यान्न आपूर्ति हो रही है या नहीं. सभी को विभिन्न योजना अंतर्गत लाभ उपलब्ध हो रहा है कि नहीं.

वहीं सभी योजना के बारे में जानकारी पहाड़िया लोगों से लिया. उन्होंने ग्रामीणों की समस्या भी जानी तथा उन्हें जिला प्रशासन की ओर से हर संभव मदद पहुंचाने का भरोसा भी दिलाया. इस मौके पर उपायुक्त रामनिवास यादव, डीडीसी प्रभात कुमार बरीदार, एसी डॉक्टर विनय कुमार मिश्रा, प्रमोद आनंद, शंकर प्रसाद और अन्य पदाधिकारीगण एवं कर्मचारी मनोज कुमार अन्य उपस्थित थे.

---

#### अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बेरमो श्रद्धालुओं में देखा गया काफी उत्साह

# इलाकों में मना उत्सव, निकाली शोभायात्रा

**संवाददाता । बेरमो**

अयोध्या में श्री राम मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर बेरमो अनुमंडल के फुसरो, कथारा, जारंगडीह, बोकारो थर्मल, तेनुघाट, गोमिया, साड़म, ललपनिया, स्वांग, आइइएल, गोमिया बस्ती, ससबेडा, हजारी मोड़ आदि क्षेत्रों में सोमवार को उत्सव जैसा माहौल रहा. वहीं, श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया. इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह श्री राम यात्रा निकाला गया. वहीं विभिन्न मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया था और जगह जगह भगवा ध्वज लहरा रहे थे. इसी प्रकार विभिन्न मंदिरों में भंडारा का आयोजन किया गया. इस भंडारा कार्यक्रम में श्रद्धालुगण द्वारा प्रसाद ग्रहण करने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी. वहीं, मंदिरों में भजन कीर्तन एवं प्रवचन का कार्यक्रम किया गया. कई घरों में भी भगवा ध्वज लहरा रहे थे .श्री राम यात्रा में बच्चों एवं युवकों द्वारा भगवान श्री राम, श्री हनुमान सहित अन्य देवी देवताओं का भेष धारण कर चल रहे थे. इस दौरान मंदिर आदि को विशेष रूप से सजाया गया था और लाइटिंग लगाई गई है. राज्य के उत्पाद एवं मद्य निषेद मंत्री बेबी देवी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल, पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार पांडेय, पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह, झारखंड समन्वय समिति के सदस्य सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद, जिप सदस्य डा सुरेंद्र राज, आकाश लाल सिंह आदि क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में जाकर प्रसाद ग्रहण किया. इधर, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया और जगह जगह भक्तिगीत गुंजायमान थे.



### मंदिरों में की गई विशेष पूजा-अर्चना व भजन-कीर्तन किया गया

**गावां (गिरिडीह) ।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर गावां प्रखण्ड के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया. कई गांवों में शोभा यात्रा निकाली गई, तो कई जगहों पर भंडारे का भी आयोजन हुआ. प्रखण्ड के गावां बाजार सहित ग्रामीण इलाकों के पसनौर, मंझने, बिरने, अमतरो, सेरूआ, सांख, पटना, माल्डा, जमडार, पिहरा, खरसान, गदर आदि इलाकों के मंदिरों में धूमधाम से पूजा-अर्चना की गई.

### दर्जनों गांवों में रामभक्तों ने निकाली झांकी और जुलूस

**कसमार (बोकारो) ।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में कसमार प्रखंड के विभिन्न गांव एवं मंदिरों में ग्रामीणों ने जुलूस एवं झांकी निकालकर आस्था दिखाई. इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे एवं झंडे के साथ जयकारा लगाते कसमार, तेलमूंगा, बाजार टांड़, मेन रोड होते हुए मोचरो तक भव्य जुलूस निकाली गयी. जुलूस में स्थानीय अमरदीप महाराज, यदुनंदन जायसवाल, रंजीत जायसवाल, सूरज जायसवाल, सूरज साव मौजूद थे.

### श्रीराम मंदिर की हुई प्राण प्रतिष्ठा, निकली कलश यात्रा



**बोकारो ।** बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के सिंहपुर शिवालय परिसर स्थित नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन हुआ. इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई. 501 कलश के साथ महिलाएं, युवतियां समेत सैकड़ों लोग मंदिर परिसर से निकले, जो निकटवर्ती सायरबांध में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरने के बाद कलश यात्रा सिंहपुर के विभिन्न टोले-मुहल्लों समेत आसपास के कई गांवों का भ्रमण किया. कलश यात्रा के समापन के बाद मंदिर में रवींद्र पांडेय, श्रीकांत पांडेय, राजकिशोर पांडेय व शशिभूषण पांडेय की देखरेख में विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई. मौके पर लक्ष्मण कुमार नायक, मृत्युंजय कपरदार, रामसेवक जायसवाल, राजेश राय, परमेश्वर नायक आदि शामिल थे.

### गिरिडीह : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिरों में विशेष अनुष्ठान

**धनवार (गिरिडीह) ।** अयोध्या में रमलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को धनवार बाजार सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में उत्सवी माहौल रहा. धनवार के ब्लॉक मंदिर, बड़ा चौक, महावीर मंदिर बरजो, हेमरोडीह, कारूडीह, सापामारण, मोदीडीह, नावाडीह समेत सभी मंदिरों में विशेष अनुष्ठान,



हवन पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया. बरजो दुर्गा मंडप में सुबह से ही रामचरितमानस का पाठ किया जा रहा है. आयोजन में लालजीत कुमार पांडेय, शशि भूषण पांडेय, सुशेन पांडेय, मानव शास्त्री, सोनित सिन्हा, प्रशांत पांडेय, आमोद पांडेय, पवन नारायण देव, सानू सिन्हा आदि का योगदान रहा.



# टांड़ बालीडीह में युवतियों ने बनाई श्रीराम की रंगोली

**संवाददाता । जरीडीह (बोकारो)**

अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर सोमवार को बोकारो जिले के टांड़ बालीडीह स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में युवतियों ने श्रीराम की रंगोली बनाकर उत्सव मनाया. स्कूली छात्राओं ने कहा कि 500 वर्षों बाद प्रभु राम का मंदिर बनकर तैयार हुआ है. मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिव्य पल का साक्षी पूरा देश बना है. इस दौरान बच्चियों ने मंदिर प्रांगण में खीर बनाकर महाप्रसाद के रूप में वितरण किया. जरीडीह प्रखंड के गांव-मोहल्लों के मंदिरों को सजाकर व दीप जलाकर भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को हर्षोंउल्लास के साथ मनाया गया. मौके पर तन्नु कुमारी, जूही सिंह, स्वीटी कुमारी, अनुष्का कुमारी, दीक्षा कुमारी, अनुभा कुमारी, परी कुमारी, शिवानी कुमारी, प्रतिभा कुमारी, प्रतिज्ञा कुमारी, रीतू कुमारी, रीता देवी, अशोक यादव, प्रेमजीत सिंह, मिथिलेश कुमार, मुरलीधर गोस्वामी, संजय भारती, रविन्द्र सिंह, कृष्णा सिंह सहित अन्य मौजूद थे.

# 108 लघु रुद्र महायज्ञ का आयोजन शिवलिंग की हुई स्थापना

**संवाददाता । बोकारो**

बोकारो जिले के कसमार प्रखंड अंतर्गत मुरहुलसूदी पंचायत की सेवाती घाटी में सोमवार को शिवलिंग स्थापना तथा 108 लघु रुद्र महायज्ञ का आयोजन हुआ. इस दौरान पंचायत के गांवों में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई. कलश यात्रा की शुरुआत गुवाई नदी से जल भरकर की गई. यात्रा में शामिल श्रद्धालु पंचायत के प्रायः सभी गांवों से गुजरते हुए सेवाती धाम पहुंचे. यहां स्थापित शिवलिंग की पूजा-अर्चना तथा यज्ञ का अनुष्ठान कर प्राण प्रतिष्ठा की



गई. पुरोहित सुधांशु चकवर्ती और मुख्य यजमान के रूप में सेवानिवृत शिक्षक प्रयागराम महतो एवं शांति देवी के अलावा कार्यक्रम में विधायक डॉ लम्बोदर महतो की धर्मपत्नी कौशल्या देवी, सरिता देवी, हेमंती देवी, उमा देवी, मनोज महतो, नरेश महतो, वीरेंद्र मुंडा, रूपेश कुमार मुहतो, गोविंद आदि शामिल थे.

### ग्रामीणों ने रखी मंदिर निर्माण की आधारशिला

**बोकारो ।** बोकारो जिले के जरीडीह प्रखंड के बनचास में स्थानीय जोगी टुंगरी में स्व मोहन गोसाईं द्वारा 1922 स्थापित एवं पूजित प्राचीन शिव स्थापना स्थल में पूजा अर्चना की गयी. इस दौरान मंदिर निर्माण कार्य का शिलान्यास पंडित कुम्भूं पाण्डेय के मंत्रोच्चार के साथ किया गया. मौके पर दिलीप गंझू, सुरेन्द्र गंझू, देवनाथ गोसाई, साधु गोसाई, हरि, प्रेम गोसाई भागीरथ रुपेश गोसाई समेत जगरन्नाथ गंझू, लाल मोहन गंझू, प्रभाष गंझू,भोला नाथ गंझू, निमाय गंझू, रामलाल गंझू, रविन्द्र गंझू विकास गंझू, सुफल मांझी, शिवचरण मांझी, घनेश्वर मांझी, अघनु करमाली, जगदीश करमाली, भगडू, हरि करमाली, दीपक, भोला व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे.

---

#### गांव-गांव पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

# सरकारी योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण : बीडीओ

- योजनाएं धरातल पर देखने को मिल रही है. इसका लाभ लोगों तक पहुंचे : विधायक प्रतिनिधि

**संवाददाता । गावां (गिरिडीह)**

गावां प्रखंड के जमडार पंचायत भवन में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया. बीडीओ महेंद्र रविदास ने लोगों को योजनाओं के बारे में अवगत कराया. कड़ाके की ठंड में भीड़ देख वह काफी गदगद थे. बीडीओ महेंद्र रविदास ने कहा कि मोदी सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम सराहनीय है. इसका उद्देश्य लोगों तक सरकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना है.

उन्होंने ग्रामीणों को मिलने वाले आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, राशन कार्ड, आवास, शौचालय आदि के बारे में जानकारी ली. वंचित लोगों से संबंधित अधिकारियों से मिलकर लाभ लेने को कहा. विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाएं धरातल पर देखने को मिल रही है. इसका अधिक से अधिक लाभ लोगों तक पहुंच रहा है.

कार्यक्रम में कृषि, पशु, बाल विकास, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों के कर्मी स्टॉल लगाकर लोगों को जानकारी दे रहे थे. इस दौरान मुखिया फूलमुनी देवी, संतोष मरांडी, सांसद प्रतिनिधि श्रीराम यादव, प्रदीप राम, शमशाद आलम, गंगा राणा, मण्डल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, तिपुलाल, अर्जुन शर्मा, बलराम मुर्मू, संजय कुमार, भीखदेव पासवान, गंगा राणा, उषा देवी, राजदा खातून, रीमा कुमारी आदि मौजूद रहे.

#### आगामी लोस निर्वाचन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई आयोजित, कहा-

# पुरुष वोटरों की संख्या हुई 42,7,622

**संवाददाता । साहिबगंज**

सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राम निवास यादव ने मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के संबंध में शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मीडिया एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी. जिला निर्वाचन पदाधिकारी यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि साहिबगंज जिला अंतर्गत दिनांक 27अक्तूबर 2023 से 12 जनवरी 2024 तक तीनों विधानसभा में प्रपत्र 6 द्वारा मतदाता सूची में नाम सम्मिलित किए गए नए मतदाताओं की संख्या 29124 है. जबकि तीनों विधानसभा क्षेत्र में प्रपत्र 7 द्वारा मतदाता सूची से नाम हटाए गए. कुल मतदाताओं की संख्या 22958 है. उन्होंने यह भी बताया कि तीनों



विधानसभा क्षेत्र में प्रपत्र 08 द्वारा मतदाता का नाम एवं फोटो सुधार हेतु कुल मतदाताओं की संख्या 19545 है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को को प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार राजमहल विधानसभा क्षेत्र में कुल 344416 मतदाता हैं. बोरिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 2780 91 मतदाता हैं. तथा बरहेट विधानसभा क्षेत्र में 223865 मतदाता हैं.

वहीं तीनों विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं की संख्या 42 7622 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 4187 45 है इसके अलावा थर्ड जेंडर के पांच मतदाता है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राम निवास यादव ने आम जनता से अपील कि अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर ले एवं यह भी चेक करने की उनके नाम में कोई त्रुटि आदि ना हो अगर किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में छूट गया हो तो उनका फार्म 6 भर कर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा. इस बैठक में मौजूद उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि निर्वाचन विभाग के कर्मी एवं अन्य उपस्थित थे.

---

**आस्था**

#### प्राण-प्रतिष्ठा के साथ रामभक्ति में डूबे श्रद्धालु, हुआ भंडारा का आयोजन

# मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया, मनी दिवाली

**संवाददाता । गोड्डा**

पांच सौ वर्षों से अधिक लंबे समय का इंतजार आखिर खत्म हुआ और सोमवार के दिन वो शुभ घड़ी आ गई जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी मुख्य यजमान के रूप में अयोध्या पहुंचकर भव्य कार्यक्रम में भगवान रामलाल का प्राण प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान के साथ मंत्रोच्चार के बीच किया. दशकों इंतजार के बाद अयोध्या में हुए भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा माहौल राममय हो चुका है. गांव शहर गली मोहल्ले सभी जगहों पर श्रद्धालु भक्ति भाव से सराबोर होकर भगवान राम की अराधना में लीन है. तमाम मंदिरों की



साफ सफाई कर आकर्षक ढंग से सजाया गया है. इस अवसर पर सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. कड़ाके की ठंड के बावजूद भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई. शहर का शायद ही कोई ऐसा मंदिर रहा हो जहां कार्यक्रम आयोजित ना किया गया हो. सभी मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही, जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया था. पूड़ी हलवा लड्डू खिचड़ी हर तरह के पकवान अनवरत बांटे जा रहे थे. मंदिरों के साज सज्जा में कोई कमी नहीं की गई थी. सभी आकर्षक ढंग से सजाया गया था. जगह-जगह लगे बड़े एलईडी स्क्रीन पर अयोध्या में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जा रहा था. डाक बंगाल रोड स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर से बीते रविवार को निकाली गई ऐतिहासिक शोभायात्रा के बाद एकाएक चर्चा में आए मंदिर में दिनभर भक्तों की भीड़ जमी रही. रामधुन के बाद महाप्रसाद का आयोजन किया गया था. आयोजक मंडली के सदस्य उमेश शर्मा अनूप जायसवाल आनंद चौधरी श्रावण अग्रवाल सहित अन्य लोगों की टीम पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में लगी हुई थी. इससे पूर्व शहर में भवानी सेना से जुड़े भक्तों द्वारा शहर में शोभा यात्रा निकाली गई. बाजार में ठाकुरबाड़ी मंदिर समिति के अलावा मुख्य चौक स्थित युवा व्यापारी, हटिया के व्यापारी एवं बड़ी दुर्गा मंदिर में भंडारा आयोजित किया गया था.

### वाहन चालकों को गुलाब फूल दिया गया

**साहिबगंज।** सोमवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के आठवें दिन उपायुक्त राम निवास यादव के निर्देशानुसार साहिबगंज जिले के सभी थाना क्षेत्र में ट्रैफिक उल्लंघन अथवा बिना हेलमेट, सीटबेल्ट चालकों को भूअर्जन पदाधिकारी जयवर्धन कुमार एवं एसडीपीओ राजेंद्र दुबे द्वारा सभी चालकों को गुलाब फूल दिया गया एवं पंपलेट वितरण किया गया. साथ ही उन्हें बताया गया कि सड़क सुरक्षा का ध्यान रखें हेलमेट सीटबेल्ट जैसे सेफ्टी उपकरण का इस्तेमाल करें. ट्रैफिक नियमों का पालन कर अपने एवं दूसरों का सड़क दुर्घटनाओं में अनमोल जीवन को बचाएं. इसके अलावा सभी छोटे बड़े वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया.

F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल
में आपका स्वागत और अभिनंदन!

आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ,



बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल और रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।

- FLIGHT TICKETS
- CRUISE BOOKING
- HOTEL BOOKING
- TRAIN TICKET
- TAXI SERVICE
- CURRENCY EXCHANGE
- HOLIDAY PACKAGES
- GROUP BOOKINGS
- E VISA SERVICE
- INTERNATIONAL TOUR PACKAGES

BOOKING
Call 8527271652-ved

